तापमान
अधिकतम 44.6 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

12 भाजपा मेयर के साथ सदस्य पद के 20 उम्मीदवारों ..



12 विद्यार्थियों को मानव श्रृंखला, प्रतियोगिताओं और ...



**खबर संक्षेप**

### केयू में रोहित स्मृति पर व्याख्यान 30 को



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा 30 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे सीनेट हॉल में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं बौद्धिक आयोजन ह्रारोहित सरदाना स्मृति व्याख्यान एवं मेमोरियल अवार्ड 2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य विषय पत्रकारिता- अवसर और चुनौतियां रखा गया है, जो वर्तमान समय में मीडिया के बदलते स्वरूप और उसकी जिम्मेदारियों पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार रोहित सरदाना के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

### नशीले पदार्थ के साथ जीजा-साला गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने अवैध नशीले पदार्थ (गांजा पत्ती) के साथ जीजा साला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से आठ किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कियाए जहां से रिमांड पर लिया गया है। गांव महमूदपुर स्थित एक प्लाइवुड फैक्ट्री के बाहर कुछ लोग नशीले पदार्थ की सप्लाई करने की तैयारी पुलिस ने एक आरोपी को मौके से काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से आठ किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान राघोरपुर (बिहार) निवासी विजय के रुप में हुई। जीजा बिहार के वैशाली निवासी इंद्रजीत को भी गिरफ्तार किया गया।

### जमीन के नाम 84.5 लाख की ठगी, 5 पर केस

**यमुनानगर।** जमीन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 84 लाख 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गांव शादीपुर निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2018 में उसने गांव गोलनीपुर में जमीन खरीदने का सौदा किया था। आरोपियों ने रजिस्ट्री कराने का झांसा देकर उससे किश्तों में पैसे ले लिए। पूरी रकम लेने के बाद भी उन्होंने रजिस्ट्री नहीं करवाई और जमीन किसी अन्य के नाम कर दी। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोर लापता, कंपार्टमेंट आने से था परेशान

**बराड़ा।** क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यहां के रहने वाले विजय कुमार ने पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा बेटा नीरज कुमार (17) 23 अप्रैल की सुबह बिना बताए घर से चला गया और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बताया गया है कि नीरज ने हाल ही में दसवीं कक्षा के पेपर दिए थे जिनमें दो विषयों में कंपार्टमेंट आने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस ने केस दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

### समालखा में नशा तस्कर पकड़ा

**समालखा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने समालखा बस अड्डे के पास से मोहित पुत्र प्रेम सिंह निवासी आजाद नगर समालखा को 9.6 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि मोहित पर थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं, नशा सप्लायर को पकड़ने के लिए मोहित को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

---

**नीलोखेड़ी में वारदात, गाली-गलौज और हाथापाई से सड़क पर लगा जाम**

# नशे में युवकों का पुलिस पर हमला फॉर्च्यूनर से कुचलने की कोशिश

- पहले फॉर्च्यूनर से बाइक सवार को मारी थी टक्कर
- पुलिस ने बल प्रयोग कर तीनों आरोपियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल के नीलोखेड़ी में नशे में धुत तीन युवकों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब ईआरवी-409 टीम इलाके में गश्त कर रही थी। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने पहले एक बाइक सवार को टक्कर मारी और इसके बाद पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौच व हाथापाई शुरू कर दी। आरोपियों ने पुलिस की वर्दी फाड़ने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान गोल मार्केट क्षेत्र में टीम मौजूद थी। इसी दौरान तेज गति से आ रही सफेद फॉर्च्यूनर ने ओवरटेक करते हुए सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। पुलिस ने तुरंत गाड़ी को रुकवाया और आरोपियों से पूछताछ की, लेकिन उन्होंने नाम-पता बताने से इनकार कर दिया और विवाद शुरू कर दिया।

### नशे में किया हंगामा

बताया गया कि तीनों युवक शराब के नशे में थे और लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। उन्होंने सड़क पर हंगामा कर जाम की स्थिति पैदा कर दी, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### गाड़ी चढ़ाने की कोशिश

जब पुलिस ने स्थिति संभालने का प्रयास किया तो आरोपी दोबारा गाड़ी में बैठकर भागने लगे। रोकने पर उन्होंने गाड़ी पुलिस कर्मियों की ओर मोड़ दी और उन्हें कुचलने की कोशिश की।

### तीनों युवकों को काबू कर लिया

पुलिस टीम ने बल प्रयोग करते हुए तीनों युवकों को काबू कर लिया और सड़क पर लगे जाम को खुलवाया। मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### आरोपियों की हुई पहचान

पुलिस जांच में आरोपियों की पहचान विक्रम चौधरी (एमसी), मार्शल और अंकुश के रूप में हुई है, जो तरावड़ी के निवासी बताए गए हैं।

### वर्दी फाड़ने और धमकी देने का आरोप



आरोपियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ बदसलूकी की, थप्पड़ मारे और वर्दी फाड़ने की कोशिश की। साथ ही यह भी कहा कि उनकी पहुंच ऊपर तक है और जो करना है कर लो। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। -नरेंद्र कुमार, जांच अधिकारी

### नशे में धुत कॉन्स्टेबल ने फॉर्च्यूनर को मारी टक्कर

**कुरुक्षेत्र।** ठोल अनाज मंडी के समीप पुलिस कॉन्स्टेबल ने नशे में धुत होकर अपनी कार से सामने जा रही एक फॉर्च्यूनर गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

- गाड़ी करीब 20 फुट तक आगे खिसक कर अन्य कार से जा टकराई

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जिस वक्त कॉन्स्टेबल ने ये टक्कर मारी, उस वक्त उसकी कार स्पीड काफी तेज थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि फॉर्च्यूनर करीब 20 फुट तक आगे खिसक गई और फिर आगे चल रही एक अन्य कार से जा टकराई। गनीमत यह रही कि फॉर्च्यूनर में सवार आढ़ती प्रदीप कुमार और उसका ड्राइवर बाल-बाल बच गए, किसी को गंभीर चोट नहीं आई। टक्कर लगने से कॉन्स्टेबल भी सुरक्षित रहा, लेकिन उसकी कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद जब लोगों ने कॉन्स्टेबल को गाड़ी से नीचे उतारा तो वह लड़खड़ता दिखा। वर्दी का रौब दिखाने लगा। पुलिस ने इस मामले में कॉन्स्टेबल के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसे बाद में जमानत मिल गई।

# मां-बेटी से गैंग रेप मामले में पिता समेत 7 पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने मां व उसकी पुत्री की शिकायत पर उन दोनों का अपहरण कर दोनों से गैंग रेप किए जाने के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोपियों में महिला का पति व लड़की का पति भी शामिल है। लड़की का दावा है कि वह नाबालिग है और पिता अपने कारोबारी दोस्त के पुत्र के साथ उसका विवाह करना चाहता है। इंकार करने पर मां व बेटी का अपहरण लिया गया और बारह दिन बंधक बना कर रखा गया। इस अवधि में पिता के कारोबारी दोस्त ने रेप किया। पीडितों का आरोप है कि कारोबारी के पुत्र के अलावा इनके साथियों ने भी उनके साथ दुष्कर्म किया। दूसरी ओर, पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी सुनवाई नहीं की, वहीं, वे दोनों पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह से मिली और घटना की जानकारी दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया। इधर, थानेदार सुभाष ने बताया कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पोक्सो एक्ट आदि आरोपों मे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### कार सौदे के नाम पर 8 लाख की ठगी पिता-पुत्र पर केस

**बराड़ा।** गांव जौली निवासी हरविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विक्रम सिंह और उसके बेटे रजत ने उसकी दो कारें बेचकर भुगतान नहीं किया। आरोप है कि आरोपियों ने बैंक लोन और अन्य बहानों से पैसे टालते रहे और चेक भी बाउंस हो गया। विरोध करने पर धमकी देने का भी आरोप है। बाद में उसकी दूसरी डिजायर कार भी बेच दी गई, लेकिन पैसे नहीं दिए गए। कुल मिलाकर करीब 8 लाख रुपये हड़पने का आरोप है। एक चेक भी दिया गया जो बाउंस हो गया। आरोप है कि फर्जी शपथ पत्र और धमकियों का भी सहारा लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चाकू से युवक पर किया जान-लेवा हमला

**करनाल।** नए बस स्टैंड पर दिनदहाड़े एक छात्र पर कई युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने चाकू और अन्य अवैध हथियारों से युवक के सिर, पेट और बाजू पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के दौरान आरोपी युवक की सोने की चेन भी लूटकर फरार हो गए। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बस्सी अकबरपुर निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा 23 अप्रैल को करनाल के सरकारी कॉलेज से घर लौट रहा था। मौजूद दर्जन भर युवकों ने उस पर हमला कर दिया।

# फास्ट फूड की दुकान में आग से भारी नुकसान

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय थर्ड गेट स्थित मार्केट में वीरवार देर रात्रि एक फास्ट फूड की दुकान में अचानक आग लग गई जिससे दुकान का सारा सामान जल कर राख हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। देर रात जैसे ही दुकान की ऊपरी मंजिल से आपकी लपटें दिखाई देने लगी तो राहगीरों ने सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार



दुकान से निकलती आग की लपटें।

कैलाश चावला ने बताया कि आग से उसका काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नही चला है।

# कुरुक्षेत्रः तेज रफ्तार गाड़ी ने भाजपा नेता के जीजा को रौंदा, मौत

- नंबर प्लेट के आधार पर की जा रही आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जीटी रोड पर बीजेपी नेता के जीजा को तेज रफ्तार गाड़ी ने कुचल दिया। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी गाड़ी की नंबर प्लेट टूटकर घटनास्थल पर गिर गई। पुलिस ने उस नंबर प्लेट कब्जे में लेकर नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर दी। मृतक की पहचान 55 साल के रामेश्वर मेहतो हाल निवासी सलारपुर रोड के रूप में हुई। रामेश्वर मैहतो सब्जी बेचने का काम करता था। पिछले महीने 7 मार्च को रामेश्वर ने अपने छोटे बेटे राहुल का रिश्ता तय किया था। परिवार 17 नवंबर को बेटे की होने वाली शादी की तैयारी कर रहा था। रामेश्चवर के बड़े बेटे अजय कुमार और रामबालक कंपनी में काम करते हैं। राजीव राये निवासी ज्योतिसर ने बताया कि वे भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हैं। उनके जीजा रामेश्वर मैहतो नई सब्जी मंडी के पास सब्जी बेचते थे। रात करीब 8 बजे उनको पुलिस से सूचना मिली कि सांवला गांव के पास ले-बाई रोड पर एक्सीडेंट हो गया है। पुलिस ने उनको मृतक की पहचान के लिए सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र बुलाया था। वे सूचना पाकर परिवार के साथ अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसके जीजा रामेश्वर मेहतो को उनके आने से पहले ही मृत घोषित कर दिया था। सिर कुचले जाने से मौत हो गई।

# शिक्षकों ने मांगों को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

**संघ के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा को सौंप मांगपत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर शुक्रवार को शहर में शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। संघ के जिला प्रधान संजय कांबोज के नेतृत्व में अध्यापको ने पीएम को कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के नाम को ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगे पूरी किए जाने की गुहार लगाई। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव दिनेश तंवर ने किया गया। ज्ञापन के माध्यम से सरकार का




रादौर। मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते संघ से जुड़े अध्यापक।

ध्यान विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं की ओर आकर्षित किया गया। इसमें मुख्य रूप से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के चलते प्रभावित हजारों शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता के कारण उत्पन्न संकट वर्ष 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों के साथ हो रहे अन्यायए सेवा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। राज्य उप प्रधान राकेश धनखड़, जिला उप प्रधान शशि भूषण व वरिष्ठ अध्यापक नेता सुरेन्द्र सैनी ने कहा कि यदि सरकार ने शिक्षकों की जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो संगठन आंदोलन को ओर तेज करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करेगी।

# विज ने रामबाग गोशाला को 23.12 लाख का अनुदान दिया

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में सांस्कृतिक व राष्ट्रवाद वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। यह प्रशासन के साथ-साथ जो हमारे सांस्कृतिक महत्व या मान्यताएं है उनका भी पूरा-पूरा ध्यान रखती हैं। गौ माता का हमारी संस्कृति में बहुत बड़ा स्थान है। हम हमेशा से पूजते आए हैं और इनका ठीक से रख-रखाव हो इसके लिए हरियाणा सरकार समय-समय पर काम भी कर रही है। विज ने यह बात अंबाला छावनी स्थित रामबाग गौशाला कमेटी के पदाधिकारियों को 23 लाख 12



हजार 800 रुपये का अनुदान राशि का चेक प्रदान करने के उपरांत कही। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर कहा कि रामबाग गौशाला अंबाला छावनी क्षेत्र की सबसे बेहतरीन गौशाला है। इसके सदस्य दिन-रात वहां पर गौ माता की सेवा करने का काम कर रहे हैं।

# पुस्तकें ज्ञान की प्रामाणिक और स्थायी स्रोत होती हैं: प्रो. धीमान

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय में नई आई पुस्तकों का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को विविध विषयों की नवीन जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विश्व पुस्तक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान का सबसे प्रामाणिक और स्थायी स्रोत होती हैं। आज के डिजिटल युग में इंटरनेट पर जानकारी सहज उपलब्ध है, लेकिन पुस्तकों में



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान।

निहित गहराई, विश्वसनीयता और अध्ययन का अनुशासन कहीं अधिक प्रभावी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकालय आने और पुस्तकों के अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# प्लाइवुड फैक्ट्री में मारपीट के दौरान घायल मजदूर की मौत

**यमुनानगर।** प्लाईवुड फैक्ट्री में पांच दिन पहले ठेकेदार द्वारा मारपीट कर घायल किए गए मजदूर सतीश (30) की देर रात उपचार के दौरान पीजीआई में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों ने फैक्टरी के बाहर एकत्र होकर हंगामा कर दिया और आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद मृतक के परिजन शांत हुए।



सतीश

जानकारी के मुताबिक पीजीआई में बीती रात उपचाराधीन मजदूर सतीश (30) की मौत हो गई। देर रात मजदूर के शव को यमुनानगर लाया गया। शव जैसे ही गांव रायपुर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। हालात को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। इस दौरान कुछ सामाजिक संगठनों के लोग भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समर्थन दिया। देर रात करीब 11 बजे तक फैक्ट्री के बाहर धरना और हंगामा चलता रहा। बाद में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की समझाने के बाद परिजन शांत हुए।

**कार्य-जीवन संतुलन सुधारने से बढ़ेगी कार्यक्षमता और मनोबल**

# कुरुक्षेत्र विवि ने महिला कर्मियों को दी बड़ी सौगात, आकस्मिक अवकाश 25 दिन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने महिला सशक्तिकरण और कर्मचारी कल्याण की दिशा में एक अहम निर्णय लेते हुए महिला कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश (कैजुअल लीव) में वृद्धि की घोषणा की है। विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव के तहत अब शिक्षण एवं गैर-शिक्षण महिला नियमित कर्मचारियों (बजटेड एवं एसएफएस) को वर्ष में 20 दिनों के स्थान पर 25 दिनों का आकस्मिक अवकाश मिलेगा। यह निर्णय राज्य सरकार के निदेर्शों तथा संबंधित समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है, जिसका उद्देश्य महिला कर्मचारियों को बेहतर कार्य-जीवन संतुलन उपलब्ध कराना है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इससे




महिला कर्मियों को पारिवारिक और व्यक्तिगत दायित्वों के निर्वहन में अधिक सहूलियत मिलेगी, जिससे उनकी कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया

अधिसूचना जारी होने के बाद विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों, निदेशकों, प्राचार्यों और कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस फैसले की जानकारी संबंधित कर्मचारियों तक पहुंचाएं और इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी वर्ग ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया है। उनका कहना है कि इस तरह के फैसलों से न केवल महिला कर्मचारियों को पारिवारिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के निर्वहन में सहूलियत मिलेगी, बल्कि कार्य-जीवन संतुलन भी बेहतर होगा। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि ऐसे सकारात्मक निर्णय संस्थान में कार्य वातावरण को मजबूत बनाते हैं और कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाते हैं।

**उपभोक्ता फोरम ने विक्रेता को सेवा में कमी का दोषी ठहराया**

# खराब इनवर्टर और बैटरी बेचने पर कंपनी को रकम लौटाने के आदेश

- 88,212 रुपये वापसी के साथ 11 हजार हर्जाना देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने विक्रेता कंपनी पर खराब इनवर्टर और बैटरी बेचने के मामले में उपभोक्ता को सामान की पूरी कीमत वापस करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही फोरम ने आरोपी कंपनी को हर्जाना देने का भी आदेश दिया है। जगाधरी के गणेश नगर निवासी प्रदीप कुमार ने जिला उपभोक्ता फोरम में दी शिकायत में बताया कि उसने ऑनलाइन प्लेटफार्म फ्लिपकार्ट के माध्यम से मसल ग्रिड इंडिया से सोलर इन्वर्टर और लिथियम बैटरी खरीदी थी। इन्वर्टर की कीमत 22 हजार 500 रुपये और बैटरी की कीमत 65 हजार 712 रुपये थी। शिकायत में कहा गया कि दोनों उत्पाद प्रयोग करने के कुछ दिन बाद ही खराब हो गए।

जब उपभोक्ता कंपनी के मेरठ स्थित गोदाम पर सामान बदलने गया तो उसे कथित तौर पर घटिया और बिना ब्रांड का सामान दे दिया गया। विरोध करने पर कंपनी ने सहयोग नहीं किया। फौरम के अध्यक्ष राजबीर सिंह और सदस्य जसविंदर सिंह व सुमन राणा की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान फ्लिपकार्ट ने खुद को केवल मध्यस्थ बताया। जबकि विक्रेता कंपनी की ओर से कोई जवाब पेश नहीं किया गया। आयोग के सहायक रजिस्ट्रार नीरज वालिया ने बताया कि फ्लिपकार्ट को जिम्मेदारी से मुक्त करते हुए उसके खिलाफ शिकायत खारिज कर दी गई। जबकि मसल ग्रिड इंडिया को सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी ठहराया। आयोग ने कंपनी को आदेश दिया कि वह उपभोक्ता को 88 हजार 212 रुपये की पूरी राशि लौटाए। साथ ही मानसिक परेशानी और मुकदमे के खर्च के लिए 11 हजार रुपये हर्जाने के रूप में अतिरिक्त रूप से भुगतान करने के आदेश दिए। आदेश में कहा गया है कि भुगतान 45 दिनों के भीतर किया जाए। अन्यथा कंपनी को नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

## खबर संक्षेप



### औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यक्रम

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पर्यावरणीय स्थिरता एवं औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। संस्थान के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसका मुख्य विषय पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन था। कार्यक्रम में छात्रों एवं फैकल्टी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अरुण लाल श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रोफेसर चितकारा विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश रहे।

### डीपीएस नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता एक मई से

**यमुनानगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में दो दिवसीय इंटर डीपीएस नेशनल शूटिंग(ओपन) प्रतियोगिता का आयोजन एक व दो मई को किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उक्त जानकारी दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने प्रतियोगिता स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते हुए दी। विद्यालय के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल में एक व दो मई को इंटर डीपीएस नेशनल शूटिंग (ओपन) प्रतियोगिता का भव्य रुप से आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश भर के डीपीएस के 40 विद्यालयों से प्रशिक्षित विद्यार्थी भाग लेंगे।

### भाषण प्रतियोगिता में महक देवी प्रथम

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री के भूगोल विभाग द्वारा विभागीय गतिविधि के रूप मे भौगोलिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेन्द्र सिंह बागी ने की । उन्होने बताया कि यूपीएससी हो या एचपीएससी की परीक्षा में भूगोल सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाला विषय रहता है और राष्ट्रीय स्तर की जो भी परीक्षाएं होती हैं उसमें भूगोल सबसे पसंदीदा विषय रहता है। इसलिए हमें भूगोल विषय को पूरी गंभीरता और रुचि के साथ पढ़ना चाहिए ।

### एचसीएस, नीट परीक्षाओं को लेकर प्रशासन सख्त

**करनाल।** डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में 26 अप्रैल को होने वाली एचसीएस परीक्षा के सफल आयोजन के दृष्टिगत करनाल शहर में स्थापित कोचिंग सेंटर संचालकों की बैठक ली और उन्हें आयोग की ओर से जारी सख्त हिदायतों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन देश के युवाओं का भविष्य बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं, ऐसे में मेरिट के आधार पर बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजराणिया मौजूद रहे। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि एचसीएस परीक्षा प्रदेश की महत्वपूर्ण परीक्षा है, जबकि 3 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा भी राष्ट्रीय स्तर की बड़ी परीक्षा है।

### न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल की छात्रा को प्रधानाचार्या ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# अदिति के बनाए मच्छरजनित मॉडल को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर(यमुनानगर) में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रा अदिति के मच्छर जनित विषय पर बनाए गए मॉडल्स की सभी ने सराहना की और उसे अव्वल स्थान मिला। जिसके लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने स्टाफ सदस्यों के साथ छात्रा अदिति के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खास बात यह है कि छात्रा अदिति द्वारा बनाए गए माडल को भारतीय सरकार की इंस्पायर मानक योजना के तहत भी चयनित किया गया है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि आज पूरी दुनिया जहां मच्छरजनित बीमारियों के खिलाफ जागरूकता और समाधान की बात कर रही है। वहीं न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुना नगर की छात्रा अदिति जुयाल का प्रोजेक्ट एक सशक्त और व्यवहारिक समाधान के रूप में उभरकर सामने आया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की कक्षा 12(मेडिकल) की छात्रा अदिति जुयाल ने विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बायोडिग्रेडेबल मच्छरा नाशक टोकरी का निर्माण किया। जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल है। बल्कि कम लागत में मच्छरों की समस्या को जड़ से समाप्त करने की क्षमता रखता है। यह प्रोजेक्ट खासतौर पर उन क्षेत्रों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। जहां लोग महंगे और रासायनिक उत्पादों का खर्च नहीं उठा सकते हैं और जहां मच्छरजनित बीमारियों का खतरा सबसे अधिक होता है।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में छात्रा अदिति को पुरस्कार देकर सम्मानित करतीं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### गन्ने के छिलके से बनाया मॉडल

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि छात्रा अदिति जुयाल के इस मॉडल में गन्ने के छिलके से बनी टोकरी का उपयोग किया गया है। जिसमें पानी, शुगर और यीस्ट मिलाकर मच्छरों को अंडे देने के लिए आकर्षित किया जाता है। इसके साथ ही इसमें सुरक्षित लार्वीसाइड्स डाले जाते हैं। जो मच्छरों के अंडों को विकसित नहीं होने देते। इस प्रकार यह मॉडल मच्छरों के प्रजनन चक्र को ही रोक देता है। जो समस्या के मूल कारण पर सीधा प्रहार करता है। उन्होंने बताया कि आज जब मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों के कारण हर साल लाखों लोगों की जान जाती है। अदिति का यह प्रयास इस बात का प्रमाण है कि छोटे से दिखने वाले समाधान भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। खास बात यह है कि यह मॉडल बिना किसी बिजली या ईंधन के कार्य करता है और मानव स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव नहीं डालता।

### मॉडल का मानक योजना के तहत चयन

प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि छात्रा अदिति जुयाल द्वारा बनाए गए मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है। उन्हें प्रतिष्ठित भारतीय सरकार की इंस्पायर मानक योजना के तहत चयनित किया गया है। जिसमें वह जिला तथा राज्य स्तर पर जीत प्राप्त कर अपने इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेगी। इसके साथ ही उन्हें अपने शोध और विकास कार्य के लिए सरकार द्वारा विभिन्न अनुदान भी प्राप्त हुए हैं। जो इस परियोजना की उपयोगिता और संभावनाओं को दर्शाता है। प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस पर अदिति का यह प्रयास समाज के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने यह साबित किया है कि विद्यार्थी भी अपने नवाचार से समाज की गंभीर समस्याओं का समाधान दे सकते हैं। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भी छात्रा अदिति की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्तत किया है। उन्होंने कहा कि उनका यह प्रोजेक्ट भविष्य में बड़े स्तर पर लागू होकर समाज के हर वर्ग के लिए एक वरदान सिद्ध हो सकता है। उन्होंने बताया कि अदिति जुयाल की यह पहल न केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि है। बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनाओं का भी उत्कृष्ट उदाहरण है । जो इस विश्व मलेरिया दिवस को और अधिक सार्थक बनाती है।

### मौजा भम्भौली में एक एकड़ में विकसित की जा रही थी अनाधिकृत कॉलोनी

# नियम ताक पर रख कर रहे थे अवैध निर्माण, प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

- मौके पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैनात रहा पुलिस बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अनाधिकृत कालोनियों में किए जा रहे अवैध निर्माण कार्यों पर जिला नगर योजनाकार विभाग की लगातार कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई के तहत जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने जिले के नियंत्रित क्षेत्र राजस्व संपदा मौजा भम्भौली में विकसित की जा रही एक अनाधिकृत कालोनी में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से तोड़ फोड़ दिया गया। मौके पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि राजस्व संपदा मौजा भम्भौली में एक अनाधिकृत कालोनी विकसित की जा रही है। उन्होंने तुरंत मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। जिसके बाद उपायुक्त प्रीति के निर्देशानुसार व अपने स्टाफ सदस्यों और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किए गए पशुपालन विभाग कार्यालय के डॉ. विजय के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि वहां पर करीब एक एकड़ में अनाधिकृत कालोनी विकसित की जा रही थी। जिसमें अवैध निर्माण किया गया था। जिसे टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से तोड़ फोड़ दिया गया।



**यमुनानगर।** भम्भौली में अनाधिकृत कालोनी में अवैध निर्माण पर चलता नगर योजनाकार विभाग का पीला पंजा।

### अनाधिकृत कालोनी में न करें निवेश

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने आमजन से अनाधिकृत कालोनियों में अपनी मेहतन की कमाई प्लाट आदि खरीदने के लिए निवेश नहीं करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि इसके बावजूद कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

### चूककर्ताओं को दिए गए थे नोटिस

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अचानक नहीं की गई है। उन्हें नियंत्रित 41 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों का पालना नहीं किया गया। कालोनी में अवैध निर्माण बदस्तूर जारी रहा। जिसके बारे में पहले कोई अनुमति नहीं ली गई। जिसके बाद विभाग द्वारा तोड़ फोड़ की कार्रवाई की गई। इस स्थान पर नजर रखी जाएगी और अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।




### जेएमआईईटीआई में ट्रेड एंड टेक फेस्ट

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से ट्रेंड एंड टेक फेस्ट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिससे यह आयोजन अत्यंत यादगार एवं प्रभावशाली बन गया। कार्यक्रम में कुल 20 स्कूलों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें 145 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कौशल एवं आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता, तकनीकी सोच तथा व्यक्तित्व निखारने के लिए एक श्रेष्ठ मंच प्रदान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में प्रतिभागियों ने तकनीकी एवं रचनात्मक परियोजनाओं का प्रदर्शन कियाए जिनमें आधुनिक एवं भविष्य उन्मुख अवधारणाओं की झलक देखने को मिली। परियोजनाओं का मूल्यांकन रचनात्मकता, उपयोगिता, प्रस्तुति एवं नवाचार के आधार पर किया गया। कार्यक्रम का मूल्यांकन प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गयाए जिसमें डॉ. मनप्रीत कौर, अमन कुमार व गुरमीत सिंह शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



### बच्चों को पोषण और शिक्षा से जोड़ना जरूरी

**यमुनानगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन अवसर पर सरस्वती नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा ने भाग लिया। वहीं, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कुसुम लता ने अध्यक्षता की। समापन अवसर पर पौष्टिक थाली सजाई गई। जिसमे पौष्टिक आहार का स्टाल और पोषक तत्वों का सुन्दर मॉडल प्रस्तुत किया गया। पोषण से संबन्धित पोस्टर प्रदर्शनी लगायी गई। मुख्यातिथि एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा ने पोषण पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए सभी को शुभकामनायें दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसका उदेश्य बच्चों को पोषण और शिक्षा से एक साथ जोड़ना है। कहा कि बच्चों को एक साथ शिक्षा व पोषण के साथ जोड़ना बेहद जरुरी है।



### स्व-गणना में भाग लेकर राष्ट्र के विकास में करें सहयोग

- जिला जनगणना समन्वय अधिकारी ने जानकारी भरने का तरीका बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जिला जनगणना विभाग द्वारा ज्योतिबाफुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में जिला जनगणना समन्वय अधिकारी निधि भाटिया ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके सिंह ने की। मुख्य वक्ता एवं जिला जनगणना समन्वय अधिकारी निधि भाटिया ने कहा कि इस बार डिजिटल जनगणना है। यह एक महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने बताया कि जनगणना रजिस्ट्रेशन संबंधी सभी पहलुओं को समझना बहुत जरूरी है। डिजिटल जनगणना में व्यक्ति अपने मोबाइल के द्वारा अपने परिवार की समस्त जानकारी घर बैठे ही भर सकता है। निधि भाटिया ने विद्यार्थियों को जनगणना साइट पर जाकर जनगणना संबंधी सारी जानकारी भरवाने का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने युवाओं से इस कार्य में रुचिपूर्वक भाग लेकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दिए जाने की अपील की। मौके पर सहायक प्रोफेसर मंगल सिंह ने युवाओं को इस पुनीत कार्य में एक दूसरे का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. सतपाल, डॉ. दर्शन सिंह, डॉ. ललिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिलास्तरीय कमेटी दयालु दो योजना के दावों का शीघ्र करेगी निपटान : प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दो के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला सचिवालय में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि इस योजना के तहत आवारा पशुओं जैसे कि गाय, सांड, बैल, भैंस, नीलगाय तथा कुत्तों के हमले या उनसे हुई दुर्घटनाओं में मृत्यु चोट अथवा दिव्यांगता की स्थिति में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत मृत्यु अथवा 70 प्रतिशत या उससे अधिक स्थायी पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में पात्र परिवार को अधिकतम 5 लाख तक की सहायता राशि दी जाती है। 70 फीसदी से कम दिव्यांगता में प्रतिशत के अनुसार तथा जिसकी राशि कर्मचारी मुआवजा अधिनियम 1923 के प्रावधानों के अनुरूप मुआवजा प्रदान किया जाता है। कुत्ते के काटने पर भी निर्धारित शर्तों के अनुसार आर्थिक सहायता का प्रावधान है।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समिति की बैठक में दिशा निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

### पंजीकृत परिवारों को मिलेगा लाभ

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जो परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत होंगे। जिनके साथ घटना हरियाणा राज्य की सीमा में घटित हुई हो तथा दुर्घटना या हमला आवारा पशु या जानवर के कारण हुआ हो। इसके साथ ही दावा घटना की तिथि से 90 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावों की जांच एवं स्वीकृति जिला स्तरीय समिति द्वारा की जाती है। जिसमें उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, संबंधित उपमंडल अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होते हैं। ताकि सभी मामलों का निपटान समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से किया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं।

### दो दिवसीय नामदीक्षा समागम 26 से

**यमुनानगर।** श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में 26 व 27 अप्रैल को दो दिवसीय नामदीक्षा आर्शीवाद समागम का आयोजन किया जाएगा। इस समागम की तैयारियों को लेकर श्रीलालद्वारा मंदिर में प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता ने की। मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय नामदीक्षा समागम में महंत श्रीरामसुंदर दास जी महाराज श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा व आर्शीवाद देंगे। समागम में महाराज जी के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष महाराज वर्ष में दो बार मंदिर कमेटी के निवेदन पर श्रद्धालुओं को नामदीक्षा व आशीर्वाद देने आते हैं। प्रधान रमेश मेहता ने बताया कि 26 अप्रैल को सुबह महाराज जी सबसे पहले नामदीक्षा लेने वाले श्रद्धालुओं को नामदीक्षा देंगे और उसके बाद अन्य श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा।



### मिड डे मील का किया निरीक्षण

**रादौर।** राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में शुक्रवार को स्कूल की एसएमसी प्रधान सीमा देवी ने मिड डे मिल का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों के मिड डे मील को देखा गया। जिसमें उन्होंने बच्चों से मिड डे मील को लेकर कई प्रश्न किए। बच्चों ने उनके सभी प्रश्नों का बहुत अच्छे ढंग से जवाब दिया और स्कूल में बनने वाले मिड डे मील भोजन की खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य रोहित अरोड़ा ने की। प्रधानाचार्य ने छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों को मिड डे मील में बनने वाले भोजन को जरूर करने को कहा। उन्होंने बताया कि बच्चों को सप्ताह में दो बार खीर व दूध भी दिया जाता है। मिड डे मील के कार्य को लेकर एसएमसी प्रधान सीमा देवी ने स्कूल प्रधानाचार्य, मिड डे मील इंचार्ज मुकेश कुमार की भी खूब प्रशंसा की। एसएमसी प्रधान ने रसोई में रखें राशन की भी जांच की। उन्होंने उसको सही पाया।

**व्यवस्था** | जिले की सभी तेरह अनाज मंडियों में हुई कुल 2 लाख 44 हजार 257 मीट्रिक टन खरीद

# तय मानदंड पर मंडियों में हो रही गेहूं की खरीद: उपायुक्त

- यमुनानगर अनाज मंडी में सबसे कम कुल 289 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मानदंडों के अनुसार सुचारू रुप से गेहूं की खरीद की जा रही है। चालू सीजन में जिले की सभी तेरह अनाज मंडियों में अब तक 2 लाख 65 हजार 580 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से खरीद एजेंसियों द्वारा 2 लाख 44 हजार 257 मीट्रिक टन क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है।



उपायुक्त प्रीति।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में अब तक खरीदी गई दो लाख 44 हजार 257 मीट्रिक टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 72 हजार 750 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 1 लाख 31 हजार 394 मीट्रिक टन गेहूं व हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन 40 हजार 113 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि चालू रबी सीजन में अब तक जिला की व्यासपुर मंडी में 27 हजार 506 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 27 हजार 937 मीट्रिक टन, गुमथला रॉव अनाज मंडी में 5 हजार 253 मीट्रिक टन गेहूं, जगाधरी अनाज मंडी में 38हजार 635 मीट्रिक टन गेहूं, जठलाना अनाज मंडी में 3 हजार 852 मीट्रिक टन गेहूं, खारवन अनाज मंडी में 4 हजार 36 मीट्रिक टन गेहूं, प्रतापनगर अनाज मंडी में 27 हजार 327 मीट्रिक टन, सरस्वतीनगर अनाज मंडी में 38 हजार 333 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 37 हजार 555 मीट्रिक टन, रणजीतपुर अनाज मंडी में 9 हजार 921 मीट्रिक टन गेहूं, रसूलपुर अनाज मंडी में 8 हजार 37 मीट्रिक टन व साढौरा अनाज मंडी में 15 हजार 575 मीट्रिक टन तथा यमुनानगर अनाज मंडी में सबसे कम कुल 289 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।



**यमुनानगर।** अनाज मंडी में बेचने के लिए किसानों द्वारा लगाई गई गेहूं की ढेर।

### अनाज मंडियों में सुविधाओं का रखें ध्यान

उपायुक्त प्रीति ने गेहूं की खरीद संबंधी कार्यों में लगे अधिकारियों कोअनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था व बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने किसानों से भी अपनी गेहूं की फसल को अच्छी प्रकार से सुखाकर एवं साफ करके ही मंडियों में लाए जाने का अनुरोध किया है। ताकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ पृथ्वी ही स्वस्थ जीवन की नींव : सुषमा

**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फेलोशिप, कुरुक्षेत्र द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक प्रभावशाली ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सत्र के दौरान डॉ. सुषमा शर्मा ने शालिनियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यदि हमें स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जीना है, तो हमें अपने ग्रह को भी स्वस्थ रखना होगा, क्योंकि यह पृथ्वी ही हमारी असली शक्ति है।

### महिला हितों के विरोधियों का चेहरा स्पष्ट : प्रियदर्शिनी

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता प्रियदर्शिनी सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके देश की आधी आबादी का अपमान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे आज देश के सामने महिला हितों के विरोधियों का चेहरा स्पष्ट हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने संसद में इस महत्वपूर्ण विषय पर जिस प्रकार व्यवधान उत्पन किया वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा जिला कार्यालय गीता कमल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रियदर्शनी सिंह ने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं जागरूक हैं और वे यह भली-भांति समझती हैं कि कौन उनके सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रहा है और कौन इसमें बाधा बन रहा है।

### दूध में शुद्धता व ब्यांत पर बछड़ी-कटड़ी ही पैदा करने को लेकर ईजाद की नई तकनीक

# अब दूध से बने उत्पाद भेजे जा रहे विदेश : धर्मवीर मिजार्पुर

### हिसार लैब से पशुपालकों को किफायती दरों पर उपलब्ध करवाया जाएगा सीमेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पशुपालन एवं डेयरी विभाग एवं हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि बोर्ड ने पशुओं के दूध में शुद्धता और ब्यांत पर बछड़ी या कटड़ी ही पैदा करने को लेकर नई तकनीक ईजाद की है और इसको तेजी से आगे बढ़ाने के लिए हिसार में लैब स्थापित की जा रही है। इस लैब से पशुपालकों को किफायती दरों पर सीमेन उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब दूध से बने उत्पादों को विदेशों में भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में पशुपालकों के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर शुक्रवार को सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विभाग द्वारा हर साल अप्रैल माह के अंतिम शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार यह दिन 25 अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन



कुरुक्षेत्र। एथनोवेटरीनरी चिकित्सा पुस्तक का विमोचन करते पशुपालन एवं डेयरी विभाग एवं हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर।

धर्मवीर मिजार्पुर ने रिटायर्ड एसडीओ कृष्ण कुमार दहिया की एथनोवेटरीनरी चिकित्सा पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक से पशुपालक अपने पशुओं का पारंपरिक विधि से उपचार कर सकेगा। चेयरमैन ने कार्यक्रम में पहुंचे रिटायर्ड डॉक्टरों से विभाग का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि डाक्टर कभी पुराना नहीं होता, वो हमेशा ही ताजगी के साथ कार्य करता है। चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग इस वर्ष भोजन एवं स्वास्थ्य संरक्षण थीम पर काम करते हुए प्रदेश के हर व्यक्ति की थाली तक शुद्ध दूध व भोजन पहुंचाना सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी डेयरी विकास की अनेक योजनाओं को लागू करके पशुपालकों को लाभ पहुंचा रहे है। इससे प्रदेश के पशुओं की कई नस्लों ने विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त की है। हमारी मुर्रा नस्ल विश्व में सर्वश्रेष्ठ नस्ल मानी जाती है।

#### पशुओं के लिए चलाया जा रहा वैक्सीनेशन अभियान

हमारे प्रदेश में देशी गाय के दूध को माता के दूध के बाद सबसे सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए वैक्सीनेशन अभियान चलाया हुआ है। इसके अलावा पशुओं के लिए दीनदयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना के तहत पशुओं का बीमा किया जा रहा है। इससे पशुओं को सुरक्षा मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब जिला में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गांवों में शिविर लगाकर पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा। इन शिविरों में उन्हें लू से पशुओं को बचाने के उपाय, विभिन्न बीमारियों से लक्षण व बचाव के उपाय बताए जाएंगे। इसके अलावा में वैक्सीनेशन के लिए जागरूक किया जाएगा। चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए लाने के लिए अनेक योजनाओं को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती के लिए देशी गाय की खरीद पर सब्सिडी दे रही है। खेती करने के यंत्रों को भी सबसिडी पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि वो अपने खेतों में पेस्टीसाइड का कम से कम प्रयोग करें। खेत से चारे के माध्यम से पेस्टीसाइड का असर पशुओं तक पहुंच रहा है, जोकि पशुओं और मनुष्य की स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि जिला में विभाग में ग्रुप-डी के सभी पदों पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया है। अब कोई भी पद खाली नहीं है। इसके साथ ही गायों को सडक से गौशालाओं तक पहुंचाने के लिए गौशालाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को पशुपालन क्षेत्र में आगे आना चाहिए। पशुपालन में दूध उत्पादकों के माध्यम से काफी लाभ कमाया जा सकता है। इससे प्रदेश में बेरोजगारी भी कम होगी और प्रदेश के पशुपालन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के एसडीओ विकास शर्मा, रिटायर्ड उप निदेशक डा. राजबीर वत्स, वेटनरी सर्जन डा. प्रवीन, मुल्तान सिंह, रिटायर्ड एसडीओ कृष्ण कुमार दहिया, रिटायर्ड बीएलईओ कर्मबीर, सरोज दहिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### 6.70 करोड़ रुपये से बनने जा रही पांच सड़कों के नवीनीकरण कार्य का किया उद्घाटन

## सीएम के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में बिछ रहा सड़कों का जालः शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व ने सरकार जनहित के सभी मुद्दों को ध्यान में रखकर समान रूप से विकास कर रही है। सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि विषयों पर निरंतर काम हो रहा है। जय भगवान शर्मा गांव अरुणाय में मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी की उपस्थिति में संगमेश्वर महादेव मंदिर की सड़क को फोरलेन करने के निर्माण कार्य का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के सहयोग से पीडब्ल्यूडी विभाग गांव के बस स्टॉप से मंदिर तक जाने वाली सड़क को फोरलेन करने जा रहा है। बस स्टॉप से संत निवास तक सड़क की चौड़ाई 2 मीटर तक बढ़ाई जाएगी और शेष मंदिर तक के रास्ते को फोरलेन किया जाएगा। इसमें आने की लेन अलग और जाने की लेन अलग बनाई जाएगी। साथ ही मंदिर तक स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी। इस कार्य पर लगभग 2 करोड रुपए का बजट खर्च किया जाएगा।

#### इन परियोजनाओं का किया उद्घाटन

इसके साथ ही जय भगवान शर्मा ने 40 लाख 17 हजार से होने जा रहे अरुणाय से छज्जूपुर सड़क के नवीनीकरण कार्य की भी शुरूआत की । साथ ही एक करोड़ 10 लाख 22 हजार की लागत से बीबीपुर कलां से चनालहेड़ी सड़क के नवीनीकरण, लगभग दो करोड की लागत से कराह साहिब से सादकपुर पंजाब तक जाने वाली सड़क, लगभग 2 करोड 28 लाख रुपये की लागत से अंबाला हिसार हाइवे से नैसी जाने वाली सड़क के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन भी जय भगवान शर्मा डीडी द्वारा किया गया। कुल 6 करोड़ 70 लाख के करीब सड़कों के नवीनीकरण का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महंत धीरज पुरी, संगमेश्वर मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम, भाजपा नेता राकेश पुरोहित, डायरेक्टर पवन शर्मा, एसडीओ पीडब्ल्यूडी अमित गुप्ता, महेश तलवाड़, किसान मोर्चा से बलवान बोधनी, पंडित शंभूदत्त गौतम, बलजिंद्र अरुणाय, प्रिंसिपल खजान मेहला, दीपक शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## शिव महापुराण शिव का ही स्वरूपः रमेश

- पटियाला बैंक कॉलोनी स्थित मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर में शिव महापुराण कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध श्री शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में करवाई जा रही श्री शिव महापुराण कथा में कथाव्यास आचार्य रमेश उनियाल हरिद्वार ने कथा का महात्म्य विस्तार से सुनाया। कथा में पुजारी पंडित उमेश पाठक ने सुबह यजमानों से शिव पूजन कराया। यह कथा 1 मई तक प्रतिदिन दोपहर बाद 3 से सायं 6 बजे तक चल रही है। शनिवार 2 मई को सुबह 9 बजे हवन और दोपहर 12 बजे भंडारे के साथ कथा संपन्न होगी। व्यासपीठ से आचार्य रमेश उनियाल ने शिव महापुराण का महात्म्य सुनाते हुए कहा कि शिव महापुराण साक्षात शिव का ही स्वरूप है, जो भक्त को संसार के दुखों से निकालकर कल्याण के मार्ग पर ले जाता है। शिव महापुराण कथा कलयुग में पापों के नाश,मन की शुद्धि और मोक्ष का सर्वोत्तम साधन है। यह भगवान शिव को संतुष्ट करने वाला अमृततुल्य शास्त्र है। जो भक्तों को कर्म-बंधन से मुक्त कर ज्ञान, वैराग्य और भक्ति प्रदान करता है। इसे सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं और साधक को शिवलोक की प्राप्ति होती है।

## यंग माइंड्स, बिग विन्सः गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीते 14 पदक

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय रीजनिंग और एप्टीट्यूड ओलंपियाड 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने संस्थान का नाम रोशन किया है। अपनी असाधारण प्रतिभा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 4 स्वर्ण, 5 रजत और 5



कांस्य पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इस शानदार सफलता ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र को वैश्विक शैक्षणिक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाई है और यह संस्थान की विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक क्षमता और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इन युवा प्रतिभाओं ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी योग्यता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सितारों की तरह चमक बिखेरी है। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों और उनके परिवारों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि संस्थान के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह सफलता विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के समर्पण का परिणाम है, जिनके निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## महिलाओं की भागीदारी से पंचायती राज संस्थाएं होंगी सशक्त : कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- पंचायती राज दिवस पर पंचायत भवन में कार्यक्रम

जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी को सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया, जिसमें ग्राम स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने, स्थानीय स्वशासन को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण विकास को गति देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायत भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न खण्डों के पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में



पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया गया। शुक्रवार को पंचायत भवन स्थित जिला परिषद के सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने शिरकत की। चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति निर्णय प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील, समावेशी एवं प्रभावी बनाती है। जिला परिषद के लेखा अधिकारी डा. सत्य भूषण ने विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत की।

### 73वें संविधान संशोधन की महत्ता पर डाला प्रकाश

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिला परिषद, कुरुक्षेत्र के कार्यालय में प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेंद्र चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में सीईओ वीरेंद्र चौधरी ने 73वें संविधान संशोधन की ऐतिहासिक महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि इस संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्राप्त हुई। इसके बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया, जिसमें ग्राम स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने, स्थानीय स्वशासन को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण विकास को गति देने की आवश्यकता पर बल दिया गया।



### नवयुग स्कूल के छात्र धनिष्ठ ने जेईई मेन्स परीक्षा में 97.68 पर्सेंटाइल किए प्राप्त

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र के कक्षा द्वादश के छात्र धनिष्ठ ने जेईई मेन्स परीक्षा में 97.68 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा एवं प्रधानाचार्य देवेन्द्र अरोड़ा ने धनिष्ठ को शील्ड प्रदान कर के उसका हौंसला बढ़ाया। विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्र के लिए बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। धनिष्ठ की इस सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, एकाग्रता और दृढ़ संकल्प का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कठिन परिश्रम और सुनियोजित तैयारी के बल पर यह मुकाम प्राप्त किया है। उन्होंने धनिष्ठ के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र अरोड़ा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करती है कि समर्पण एवं अनुशासन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## महापंचायत में जुड़ेंगे हजारों लोगः खैहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जजपा 27 को हिसार में आयोजित करेगी महापंचायत

जननायक जनता पार्टी द्वारा 27 अप्रैल को हिसार में आयोजित होने वाली महापंचायत को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र स्थित जाट धर्मशाला में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकतार्ओं ने भाग लिया और महापंचायत की सफलता को लेकर रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश युवा जेजेपी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खैहरा ने कहा कि हिसार में होने वाली यह महापंचायत न्याय की लड़ाई को मजबूती देने का काम करेगी, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ-साथ हजारों की तादाद में लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि यह महापंचायत जन-जन की आवाज बन सके। इस दौरान प्रदेश महासचिव होशियार सिंह किरमच ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जननायक जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मेहनत



और ईमानदारी के साथ इस महापंचायत की तैयारियों में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह महापंचायत प्रदेश की जनता की भावनाओं का प्रतीक बनेगी और इसमें हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव होशियार सिंह किरमच, जगबीर मोहड़ी, दिलबाग सिंह गुराया, सूर्यप्रताप राठौड़, रंजिता सिंह, गुरलाल वड़ैच, अनवर खान, कुलदीप सैनी, जगमाल गोलपुरा, शेखर ढोगरा, रवि सैनी, सार्थ तिवारी, हरवैल सिंह लाढ़ी, राजेश कश्यप, राजकुमार लाडवा, हरिन्द्र सिंह, बलराम भारती, लक्की काजल ० अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### यूजीसी-नेट-जेआरएफ में 100 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर नीतू यादव ने किया केयू का नाम रोशन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पर्यावरण अध्ययन संस्थान की शोधार्थी नीतू यादव को यूजीसी-नेट-जेआरएफ परीक्षा में 100 परसेंटाइल अंक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई दी है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि केयू की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा और गुणवत्तापूर्ण शोध वातावरण को दशार्ती है। संस्थान के निदेशक प्रो. परमेश कुमार तथा सभी प्राध्यापकों ने नीतू को इस सफलता पर बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों से भी उनसे प्रेरणा लेकर कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। वर्तमान में नीतू यादव, डॉ. हरदीप राय शर्मा के निर्देशन में पीएच.डी. कर रही हैं। उनका शोध विषय थानेसर ब्लॉक, जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में पेयजल गुणवत्ता का आकलन है, जो जनस्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। नीतू ने अपने शोध कार्य को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2026 में स्कोपस इंडेक्स्ड जर्नल वॉटर प्रैक्टिस एंड टेक्नोलॉजी में शोध पत्र प्रकाशित किया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अपने शोध निष्कर्ष चार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भी प्रस्तुत किए हैं।



कुरुक्षेत्र। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन से मुलाकात अवसर पर प्रतिनिधिमंडल।

### समाज सेवा एवं शिक्षा की शक्ति से सुदृढ़ होगा : चन्द्र मोहन

**कुरुक्षेत्र।** समाज सेवा, सहयोग एवं विकास का कुरुक्षेत्र विजन लेकर महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के पदाधिकारियों तथा जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन से मिला। प्रतिनिधिमंडल में मौजूद लोगों ने शिष्टाचार भेंट कर सामाजिक सरोकारों, शिक्षा के विस्तार एवं कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की। यह मुलाकात केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज और प्रशासन के बीच एक सशक्त साझेदारी की शुरूआत के रूप में सामने आई। जिसमें शिक्षा, सेवा और सुरक्षा के त्रिकोण को मजबूत करने का संकल्प दिखाई दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के प्रधान मुनीष मित्तल, अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग, हेल्पर्स शाहबाद सोसायटी से एवं दिशा समिति की सदस्या ईशा अग्रवाल तथा अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**धर्म-कर्म**

### गांव धनीरामपुरा स्थित श्री पीतांबरा पीठ मां बगलामुखी मंदिर में मनाया जयंती महोत्सव

# मां बगलामुखी की साधना से मिलती संकटों से मुक्ति और सकारात्मक ऊर्जा की होती है प्राप्तिः बंसी पुरी

श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज ने पूजा अर्चना के महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

गांव धनीरामपुरा स्थित श्री पीतांबरा पीठ मां बगलामुखी मंदिर में मां बगलामुखी जयंती महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष वातावरण देखने को मिला।मंदिर के अग्रणी सेवादार एवं सरपंच विकल कुमार चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज एवं महंत भीम पुरी महाराज के सानिध्य में विधि-



पिहोवा। महंत बंसी पुरी से आशीर्वाद लेते भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र गोल्डी व मंदिर में जयभगवान शर्मा डीडी व अन्य।

विधान से मां बगलामुखी का पूजन, हवन यज्ञ तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर के महंत विश्वनाथ गिरी, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी महाराज, स्वामी अमरपुरी, स्वामी धर्मराज पुरी, स्वामी मारकंडेय पुरी, महंत जगन्नाथ पुरी, महंत सर्वेश्वरी गिरी, स्वामी आशुतोष पुरी, बुधर गौतम सहित दूर दराज से अनेक संत महात्मा शामिल हुए। श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज ने मां बगलामुखी की पूजा-अर्चना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां की साधना से भक्तों को संकटों से मुक्ति, शत्रुओं पर विजय तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से मां की आराधना करने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है।

#### श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना

पूरे आयोजन के दौरान भक्ति संगीत, मंत्रोच्चारण और हवन की पवित्र ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने मां बगलामुखी की पूजा अर्चना कर महंत बंसी पुरी महाराज से आशीर्वाद लिया और महंत बंसी महाराज ने सभी गणमान्य लोगों को माता की चुनरी ओढ़ाकर प्रसाद भेंट किया। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की सफलता में गांव के लोगों और मंदिर समिति का विशेष योगदान रहा।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र गोल्डी खैरा, थानेसर नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि मलकीत ढांडा, मंडलध्यक्ष प्रिंस मंगला, महामंत्री गुलशन शर्मा, संदीप सजुमा, सुरेंद्र पहलवान, परमजीत सिंह गुमथला, राजेंद्र सिंह, जे पी मेहला, सरपंच कृष्ण सैसा, रामनाथ दीवाना, रमेश ककराला, अशोक बटेडी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## नोमिनेशन को लेकर कार्यालय में पूरे दिन लगा रहा उम्मीदवारों का तांता

# भाजपा मेयर के साथ सदस्य पद के 20 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

### कांग्रेस व भाजपा के साथ कई दलों के 36 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

- कांग्रेस की ओर से वार्ड 1 से सतविंद्र सिंह ने किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नामांकन पत्र दाखिल करती भाजपा मेयर प्रत्याशी अक्षेता सैनी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम चुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों का दिनभर तांता लगा रहा। एडीसी व एसडीएम ऑफिस में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया चल रही है। शनिवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। शुक्रवार को भाजपा की मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ-साथ सदस्य पद के लिए 36 प्रत्याशियों ने एआरओ के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किए।रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए वार्डों के मुताबिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत मेयर पद के लिए भारतीय जनता पार्टी से अक्षिता सैनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसी प्रकार कांग्रेस पार्टी की ओर से वार्ड नंबर 1 से सतविंद्र सिंह, वार्ड नंबर 4 से अशोक सोनी, वार्ड नंबर 6 से दिशा सहगल, वार्ड नंबर 7 से विक्रमजीत, वार्ड नंबर 8 से गुन्जीत कौर, वार्ड नंबर 9 से मेघा गोयल, वार्ड नंबर 14 से पूनम देवी, वार्ड नंबर 17 से प्रवीन ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसी प्रकार आम आदमी पार्टी से वार्ड नंबर 13 से अंशिका यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। आजाद उम्मीदवार के तौर पर वार्ड नंबर 2 से अमन कौर, वार्ड नंबर 3 से साहिल ने, वार्ड नंबर 3 से अमनदीप, वार्ड नंबर 4 से गुरविन्द्र सिंह, वार्ड नंबर 9 से कंवलजीत कौर ने, वार्ड नंबर 7 से शेन ने, वार्ड नंबर 16 से मुकुल सचदेवा ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल 2026 को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय विकास सदन अंबला शहर में की जाएगी। उम्मीदवार 28 अप्रैल, 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं जिसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे।

### इन प्रत्याशियों को मिला भाजपा का टिकट

सदस्य पद के लिए भारतीय जनता पार्टी से वार्ड नंबर 1 से विशाल चौधरी, वार्ड नंबर 2 से वरखा रानी, वार्ड नंबर 3 से मनीष आनंद, वार्ड नंबर 4 से वरिंद्र नाथ, वार्ड नंबर 5 से राजेश मेहता, वार्ड नंबर 6 से अर्चना छिब्बर, वार्ड नंबर 7 से मोनिका मल, वार्ड नंबर 8 मीना ढींगरा, वार्ड नंबर 9 से सिवानी सूद, वार्ड नंबर 10 से गुरविंद्र सिंह, वार्ड नंबर 11 से कविता रानी, वार्ड नंबर 12 से कमल कांत गुप्ता, वार्ड नंबर 13 शोभा सिंह पूनिया, वार्ड नंबर 14 से बीनू गर्ग, वार्ड नंबर 15 से राज कुमार गुप्ता, वार्ड नंबर 16 से निकुंज चावला, वार्ड नंबर 17 से गुरप्रीत सिंह साहनी, वार्ड नंबर 18 से हितेष जैन, वार्ड नंबर 19 से दिनेश सूद, वार्ड नंबर 20 से सपना रानी शामिल हैं।

### पहली रेंडमाइजेशन का काम पूरा

उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से चुनाव में लगाई जाने वाली पोलिंग पार्टियों की प्रथम रेंडामाईजेशन का कार्य किया गया। इस मौके पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त विराट, नगराधीश अभिषेक गर्ग व चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत नामांकन भरने की प्रक्रिया जारी है। मेयर व सदस्य पदों के आम चुनाव के लिए 191 बूथ बनाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आयोग की जो भी हिदायतें है उसकी अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के मेयर व सदस्य पदों के आम चुनाव के दृष्टिगत चुनाव में लगाई जाने वाली पोलिंग पार्टियों की आज एनआईसी द्वारा स्थापित सोफ्टवेयर के माध्यम से प्रथम रेंडामाइजेशन का कार्य किया गया है।

# भाजपा का दमदार शक्ति प्रदर्शन अक्षिता सैनी ने भरा नोमिनेशन



अंबाला। नामांकन पत्र दाखिल करती भाजपा की अक्षिता सैनी व शक्ति प्रदर्शन करते हुए नेता। फोटो : हरिभूमि

- दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा,कैबिनेट मंत्री अनिल विज,रणबीर गंगवा,राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा,पूर्व मंत्री असीम गोयल रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारतीय जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी ने शुक्रवार को पूरे उत्साह, जोश और समर्थकों के भारी जनसमूह के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान शहर में भाजपा का भव्य शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। नामांकन से पहले शहर में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आमजन शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच आयोजित समारोह ने पूरे शहर का माहौल राजनीतिक रंग में रंग दिया और विरोधियों के हौंसले चुनाव की शुरुआत में ही पस्त कर दिए। उन्होंने कहा कि इस बार मेयर चुनाव में भाजपा सभी नगर निकायों में रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और वे "भाजपा जिंदाबाद" तथा "कमल खिलाओ" जैसे नारों के साथ अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते नजर आए। नामांकन के अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और दिग्गज एकत्रित हुए, जिससे पार्टी की एकजुटता और चुनावी ताकत साफ झलकती नजर आई। इस मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज,रणबीर गंगवा , दिल्ली से आए कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिरसा , राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, अंबाला नगर निगम चुनाव के प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री तथा पूर्व मंत्री असीम गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे।

### मेयर चुनाव में रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी भाजपा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों को जनता के सामने रखा और दावा किया कि नगर निगम चुनाव में पार्टी को भारी समर्थन मिलेगा। पार्टी इस बार रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी। वहीं, मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी भाजपा की नीतियों को जनहितकारी बताते हुए कहा कि जनता विकास के मुद्दे पर ही वोट करेगी। चुनाव प्रभारी रणबीर गंगवा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि संगठन पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरा है और हर वार्ड में भाजपा का परचम लहराएगा। भाजपा मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी का नामांकन दाखिल करवाने के लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज भी विशेष रूप से पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने एकतरफा जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि अक्षिता सैनी बड़े मार्जिन से जीत हासिल करके यह सीट भारतीय जनता पार्टी की झोली में डालेंगी। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें लोकसभा और विधानसभा चुनाव जैसी गलती नहीं करनी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियां आज हरियाणा को तेज गति के साथ विकास पथ पर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष आकर आप से मौका मांगेगा, लेकर उनसे पूछना कि आपके एमपी और विधायक को मौका दिया था, तो वो आज कहाँ हैं? आज इनके नेता कहीं नजर नहीं आते। असीम गोयल ने कहा कि इस चुनाव में हमें काली भेड़ों का भी सामना करना पड़ेगा। ये वो काली भेड़ें हैं जो पार्टी को मां कहते थे लेकिन इन्होंने छुरा घोंपने में भी कसर नहीं छोड़ी।

# पार्षद मनजीत ने भड़ोग स्कूल को दी कंप्यूटर व अन्य सुविधाएं

- कंप्यूटर सीखने से डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

शिक्षा को बढ़ावा देने और ग्रामीण अंचल के बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोडने के उद्देश्य से जिला परिषद सदस्य मनजीत कौर ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने राजकीयविद्यालय, भड़ोग के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कंप्यूटर, फोटोस्टेट मशीन, टेबल और कुर्सियां भेंट की हैं। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में जिप सदस्य मनजीत कौर के प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह पूर्व सरपंच डेहरी ने कहा कि यह दौर में शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के उपलब्ध होने से बच्चों को कंप्यूटर सीखने और अपनी डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जो उनके भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक समिति सदस्य प्रतिनिधि सतीश कुमार, काका सिंह बेरपुरा, विद्यालय के शिक्षकगण व बच्चे मौजूद रहे। विद्यालय प्रशासन और ग्रामीणों ने जिला पार्षद मनजीत कौर के इस उदार योगदान की सराहना की और इसे शिक्षा के प्रति उनकी संवेदनशीलता का प्रतीक बताया।सतीश कुमार ने कहा कि जिप सदस्य द्वारा की गई यह मदद ग्रामीण बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी। स्कूल प्रबंधन ने विश्वास दिलाया कि इन संसाधनों का उपयोग छात्रों के बेहतर शैक्षिक विकास के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम इस उम्मीद के साथ संपन्न हुआ कि बच्चे इन आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाकर भविष्य में अपने गांव और माता-पिता का नाम रोशन करेंगे।



शहजादपुर। जरूरी सामान उपलब्ध करवाती जिप सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# नाम सुमिरन में कर्म बाधक नहीं: गोपाल दास

- 25 अप्रैल को होगा सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला।श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते बाबा गोपाल दास महाराज। फोटो : हरिभूमि

श्री सिद्ध किराना सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन बाबा गोपाल दास महाराज ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में कर्म बाधक नहीं हैं। व्यक्ति के जीवन की हर क्रिया परमात्मा की सेवा से सम्मिलित हो सकती है, भाव बदलने की आवश्यकता है। भाव बदलने से क्रिया का ढंग बदल जाता है। यह स्थिति कब बनेगी जब जीवन निरन्तर परमात्मा के नाम का सुमिरन करता रहेगा। प्रश्न उठता है कि हम अपना काम करते हुए भगवान का नाम कैसे ले सकते हैं? जैसे जीव को किसी से विशेष प्यार हो जाए तो खाते-पीते, उठते बैठते अपने प्यारे का चिन्तन करते हुए भी जीवन की सारी क्रिया को वह सुचारू रूप से वह संचालित कर लेता है उदाहरण के लिए जैसे मां-पुत्र, पति-पत्नी गुरू-शिष्य, मित्र और शत्रु इसी प्रकार भगवान का नाम लेकर भी सभी कार्य किए जा सकते हैं।उन्होंने कहा कि जिस प्रसंग का श्रवण करने मात्र से हृदय का काम रूपी भयानक शत्रु परास्त हो जाता है उस प्रसंग से हम काम वासना के बारे में विचार करते हैं तो हमारी मूर्खता ही प्रकट होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में संतों एवं सद्गुरु का विशेष महत्व प्रकट होता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिस किसी को भी भगवान की प्राप्ति हुई है तो उसमें संत और सतगुरु की कृपा का महत्व ही प्रकट होता है। उन्होंने भगवती रूकमणि को भी भगवान की प्राप्ति हुई तो वहां भी संत और सत्संग के प्रभाव से ही। अतैव जीवन में भगवान के नाम का सहारा लेना चाहिए। परन्तु इसका बोध सतगुरु के शरण में आ जाने के बाद ही होगा। उन्होंने कहा कि बगैर गुरु कृपा किसी का उद्धार नहीं हो सकता। मंच का संचालन करते हुए अनिल शर्मा ने बताया कि 7 दिवसीय भागवत कथा का समापन 25 अप्रैल को सुबह के सत्र 10 से 12 में होगा।

### रासलीला मान मर्दन की लीला

उन्होंने कहा कि आजकल हर व्यक्ति लाभ के लिए कोई कार्य करता है तो भगवान के नाम में इतनी शक्ति है कि नाम का सहारा लेने के लिए न तो उसे खाने की चिन्ता, न पीने की, न सोने की, न चलने की और न ही रहने की चिंता रहती है। कथा के माध्यम से महा रास के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बाबा गोपाल दास महाराज ने कहा कि रास लीला कोई काम लीला नहीं है। यह काम के मान मर्दन की लीला है। इस प्रसंग के माध्यम से आज के लोग जो इस लीला पर कटाक्ष करते हैं उनके बारे में उन्होंने कहा कि ऐसे लोग या तो विवेक शून्य हैं या पथ भ्रष्ट हो चुके हैं।

### गांव खानपुरा में 19 अप्रैल से युवक लापता

**बराड़ा।** गांव खानपुरा से एक युवक के लापता हो गया। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव खानपुरा निवासी पवन कुमार ने थाना बराड़ा में दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा सौरव शर्मा (उम्र लगभग 36 वर्ष) बीती 19 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 8 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों के अनुसार, सौरव मानसिक रूप से कमजोर है और शराब पीने का आदी है। वह पहले भी कई बार घर से बिना बताए चला जाता था और कुछ समय बाद खुद ही वापस लौट आता था। इस संबंध में पहले भी दो बार गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई जा चुकी है, जिनमें वह एक बार एक साल बाद और दूसरी बार करीब एक महीने बाद वापस घर लौट आया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्टाफ पर हमले की कोशिश, केस दर्ज

**बराड़ा।** यहां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक मरीज द्वारा हंगामा करने और स्टाफ पर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, 23 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 3.45 बजे वाजिदपुर के 50 वर्षीय करम सिंह अस्पताल में मेडिकल-लीगल जांच के लिए आया था। आरोप है कि इस दौरान वह अचानक आक्रामक हो गया और अस्पताल परिसर में मौजूद स्टाफ पर आईवी स्टैंड से हमला करने की कोशिश की। इस घटना से अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अन्य मरीजों व स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिखर गोयल द्वारा पुलिस चौकी बराड़ा में दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से व्यक्ति गंभीर घायल

**बराड़ा।** बराड़ा क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव नाहरा का रहने वाले राहुल कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल 2026 को उसके पिता कृष्ण कुमार (55) अपनी मोटरसाइकिल पर बराड़ा बाजार जा रहे थे। राहुल भी अपनी बाइक से उनके पीछे-पीछे चल रहा था। जब वे सांई मार्बल कट के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे एक बाइक सवार युवक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कृष्ण कुमार बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन आरोपी युवक भीड़ का फायदा उठाकर अपनी बाइक लेकर फरार हो गया। राहुल कुमार ने आरोपी की बाइक का नंबर नोट कर लिया। घायल को तुरंत निजी वाहन की मदद से इलाज के लिए एमएमयू मुलाना अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रारंभ में घायल की हालत गंभीर होने के कारण वह बयान देने की स्थिति में नहीं थे। बाद में उनके बेटे राहुल कुमार के बयान के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने थाना बराड़ा में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

### गेहूं खरीद और उठान का कार्य जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से जारी है। मंडियों में किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी सम्बंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि उठान कार्य में और तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में फसल का सुचारू प्रबंधन बना रहे। उपायुक्त ने बताया कि मंडियों में किसानों के लिए पीने के पानी, छाया, बैठने की व्यवस्था, शौचालय एवं सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इसके अलावा फसल की समय पर खरीद और भुगतान सुनिश्चित करने के लिए भी प्रशासन पूरी तरह से सजग है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से मंडियों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तुरंत समाधान करें। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य समय पर उपलब्ध करवाना तथा खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखना है। किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर मंडियों में लाएंए ताकि खरीद प्रक्रिया और अधिक तेज एवं सुगम बनी रहे। बताया कि जिले में गत दिवस तक कुल छह लाख 62 हजार 601 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 96 हजार 676 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा दो लाख 68 हजार 788 मीट्रिक टन, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा पांच हजार 495 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन द्वारा एक लाख 91 हजार 642 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### छात्राओं को सेहत के प्रति जागरूक किया

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में यूथ रेडक्रॉस के तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देना, कृमिनाशन के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की 200 छात्राओं के बीच एल्बेंडाजोल की गोलियों का वितरण किया गया। यह आयोजन कक्ष संख्या 207 में प्रातः नौ बजे से 10 बजे तक आयोजित किया गया। जो प्रोग्राम ऑफिसर डा. सीमा दलाल एवं सदस्य डा. रश्मि के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह पहल छात्र कल्याण के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। अपने संबोधन में छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य के लिए एल्बेंडाजोल के नियमित सेवन के महत्व पर बल दिया। यह भी बताया कि इस प्रकार की सरकारी पहले एक रोगमुक्त और जागरूक समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। साथ ही उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे न केवल स्वयं इन स्वास्थ्य संबंधी आदतों को अपनाएं बल्कि अपने परिवार एवं समाज में भी जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. सीमा दलाल ने एल्बेंडाजोल दवा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह दवा क्यों आवश्यक है, इसके क्या लाभ हैं तथा इसे किस अंतराल पर लेना चाहिए।

**पहल** | मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग की अनोखी पहल

# विद्यार्थियों को मानव श्रृंखला, प्रतियोगिताओं और संकल्प पत्र से मतदान पर किया जा रहा जागरूक

- नगर निगम चुनाव को सफल बनाने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। स्कूली छात्राएं हाथों पर मेहंदी लगाकर वोट मेरा अधिकार का संदेश देती हुई। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम चुनाव को सफल और अधिक सहभागिता वाला बनाने के उद्देश्य से जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। 10 मई को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की व्यापक पहल की गई है। इसी कड़ी में 22 अप्रैल से सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में विभिन्न रचनात्मक और जागरूकता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

इन गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालयों में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के महत्व का संदेश दिया जा रहा है। रंगोली, मेहंदी और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का अनूठा प्रयास किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में छात्र अपनी कला के जरिए लोकतंत्र के महत्व को दर्शा रहे है जिससे यह संदेश जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है। कैंपस एंबेसडर की भूमिका भी इस अभियान में बेहद महत्वपूर्ण है। युवा एंबेसडर विद्यालयों और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं और युवाओं को मतदान के प्रति शिक्षित और जागरूक कर रहे है। विशेष रूप से युवा लड़कियों, गृहिणियों और कारखानों व लघु उद्योगों में कार्यरत महिलाओं को लक्षित कर उन्हें मतदान के अधिकार और उसकी शक्ति के बारे में बताया जा रहा है। यह पहल महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी चुनाव संबंधी प्रश्नोत्तरी आयोजित करवाई जा रही है जिससे युवा वर्ग को जोड़ने में मदद मिल रही है। इससे न केवल उनकी जानकारी बढ़ रही है बल्कि वे मतदान के प्रति अधिक जागरूक भी हो रहे है। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को अपील पत्र वितरित किए जा रहे है जिससे घर-घर तक मतदान का संदेश पहुंच रहा है। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को संकल्प पत्र भी दिए जा रहे है जिसमें वे अपने परिवार को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प ले रहे है। इसके अलावा नैतिक मतदान और चुनाव पाठशालाओं पर भी चर्चा की जा रही है जिससे विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित हो रही है। इसी क्रम में राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में भी मेहंदी, पेंटिंग और खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

### गतिविधियों से छात्रों में बढ़ता है उत्साह

इस कार्यक्रम के आयोजक रामफल शास्त्री और सुमन ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से छात्रों में उत्साह बढ़ता है और वे अपने परिवार व समाज को मतदान के लिए प्रेरित करते है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन प्रयासों से मतदान प्रतिशत में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। यह जागरूकता अभियान समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों से लेकर महिलाओं और युवाओं तक, हर कोई इस लोकतांत्रिक उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित हो रहा है। यह पहल न केवल मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायक होगी बल्कि एक जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005